तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार 9 अप्रैल 2026

10 खरल कन्या गुरुकुल में पढ़ने वाली छात्राओं...


10 स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना...


## खबर संक्षेप

### अवैध असलहा सहित युवक गिरफ्तार

**जींद।** जिला में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए स्टाफ ने एक युवक को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए स्टाफ जींद के इंचार्ज निरीक्षक अनुप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम मुख्य सिपाही संदीप सिंह के नेतृत्व में देवीलाल चौक पर मौजूद थी। तभी सूचना मिली कि एक युवक अवैध पिस्तौल के साथ खड़ा है और किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने युवक को काबू कर लिया।

### मकान का ताला तोड़कर नकदी व आभूषण चोरी

**जींद।** गांव जीवनपुर में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर नगदी तथा जेवरातों को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर सदर थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव जीवनपुर निवासी अमनजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोर उसके मकान के कमरे का ताला तोड़ कर 1500 रुपये की नकदी, सोने, चांदी के जवरातों को चोरी कर लिया। घटना का सुबह पता चला जब वे सोकर उठे। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### रंजिशन हमला करने पर एक के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** देवीलाल चौक पर युवक पर हमला कर घायल करने पर शहर थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आत्मा नगर निवासी गौरव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी अजमेर बस्ती निवासी सोनू से कहासुनी हो गई थी। जब वह देवीलाल चौक से गुजर रहा था। उसी दौरान आरोपित ने सोनू ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें उन्हें काफी चोटें आई। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर सोनू के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध हालात में दो महिलाएं लापता

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो महिलाओं के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। गांव खेड़ा खेमावती निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 5 अप्रैल को उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। वहीं रामराये से भी गत दिवस एक महिला गायब हो गई। दोनों अभिभावकों ने उन्हें तलाशा भी लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा।

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का आरोप

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार जुलाना थाना क्षेत्र के गांव में बुधवार सुबह के समय अढाई वर्षीय लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। जुलाना थाना क्षेत्र के गांव निवासी लड़की के परिजनों ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी अढाई साल की लड़की को एक युवक बहला फुसला कर घर से ले गया और कुछ देर बाद पड़ोस में रोती दिखाई दी तो उन्होंने उसे जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

### इग्नू में दाखिले लेने के लिए 10 तक करें आवेदन

**कैथल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया कि जनवरी 2026 सत्र के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि अब 10 अप्रैल कर दी गई है। यह निर्णय उन विद्यार्थियों के हित में लिया गया है जो किसी कारणवश अब तक किसी कॉलेज या विवि में प्रवेश नहीं ले पाए हैं। बताया कि इग्नू में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा कार्यफ्मों में प्रवेश प्रक्रिया वर्तमान में जारी है, जो विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## गैस की किल्लत पड़ रही भारी : स्टाल वालों ने बढ़ाए रेट, कुछ ने तो धंधा ही बदल दिया

# दुकानदारों को फूंकने पड़ रहे चूल्हे, 10 वाली चाय 15 में और 40 की टिक्की ₹50 में मिल रही

### जींद जिले को अलॉट पांच किलो के 1875 सिलेंडर, नहीं पहुंचे एजेंसियों पर

**ब्लैक पर कीमत 1800 रुपये तक वसूली जा रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में घरेलू गैस किल्लत के बीच श्रमिक तथा खाद्य स्टाल वाले अभी भी समस्या जूझ रहे हैं। या तो उन्होंने रेट बढा दिए हैं या फिर अपना काम बदल लिया है। चाय की चुस्की भी दस से बढ़ कर 15 रुपये की हो गई है। आलू टिक्की पचास रुपये पर पहुंच गई है। यह भी साफ है कि गैस सिलेंडर का प्रयोग भी व्यसायिक तौर पर हो रहा है। ब्लैक पर कीमत 1500 सौ से 1800 रुपये तक वसूली जा रही है। यह कार्य चोरी छुपे हो रहा है। हांलाकि गैस स्पलाई पटरी पर लौट रही है। कुछ एजेंसियों ने ग्रामीण आचल की स्पलाई भी बहाल कर दी है। गैस एजेंसियों के बाहर लाइन भी काफी हद कम होने लगी है। अधिकारियों का दावा है कि घरेलू गैस की कोई कमी नही है। लोग बेवजह पैनिक के चलते स्टॉक करने की प्रवृति से यह हालात बने हैं। जब कि लोगों घबराने की जरूरत नही है। सरकार ने श्रमिकों के लिए पांच किलोग्राम के सिलेंडरो की घोषणा की थी। जिले को 1875 गैस सिलेंडर अलॉट हुए हैं। जो अभीतक कंपनियों में हैं। किसी भी एजेंसी तक गैस सिलेंडर नही पहुंचे हैं। सिलेंडर की कीमत कितनी होगी इसका भी अभी तक सरकार की तरफ से कोई नोटिफिकेशन अभीतक विभाग के पास नही पहुंचा है। पहले फास्ट फूड, चाय के ठेले तथा रेहड़ियां लगती थी। कुछ ने उस काम को छोड़ कर जूस, फल तथा सब्जी बेचने का काम शुरू कर दिया। जिनके काम जमे हुए थे। उन रेहड़ी, ठेले वालों ने रेट बढ़ा दिए हैं। पहले चाय दस रुपये की थी। अब बढाकर 15 रुपये कर दिए हैं। आलू टिक्की 40 से बढ़ कर पचास जा पहुंची है। रेहड़ी ठेलों पर पर बिकने वाले हर खाद्य पदार्थ में पांच से दस रुपये की बढ़ोत्तरी हुई है। रेहड़ी ठेलों वालों का कहना है कि हर दूसरे तीसरे दिन सिलेंडर की जरूर पड़ती है। किल्लत के चलते ब्लैक पर खरीदना पड़ रहा है। अब कोयला तथा लकड़ी को ठेला तथा रेहड़ी पर नही जलाया जा सकता है।



जींद। सिलेंडर के लिए लगी लाइन। फोटो :हरिभूमि



जींद। भट्ठी पर मिठाई बनाते हुए। फोटो :हरिभूमि





जींद। चूल्हे पर खाना बनाते महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

#### कालाबारी को लेकर विभाग सतर्क

जिला खाद्य एवं आपूर्ति गैस स्पलाई इंचार्ज अमित ने बताया कि जिले में गैस की कोई कमी नही है। गांव में भी स्पलाई दी जाने लगी है। अभी तक पांच किलोग्राम के सिलेंडर एजेंसियों को नही मिले हैं। रेट नोटिफि केशन अभी तक नही आया है। विभाग लगातार नजर बनाए हुए हैं। विभाग ने अब 30 रेड की है जिसके तहत 71 गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। विभाग कालाबारी को लेकर पूरी तरह सतर्क है। लगातार नजर बनाए हुए हैं।

#### कहा से लाएं सिलेंडर

गरीब तबके के लोगों का कहना है कि पहले तो सिलेंडर मिल जाता था। अब सिलेंडर लेना उनके बलबूते से बाहर है। अब अपने चूल्हे बना लिए हैं। इधर-उधर से लकड़ी बीन कर अपने घर कर चूल्हा जलाते हैं। उन्होंने सिलेंडर खरीदे थे लेकिन कापी नही बनवाई थी। अब बिना कापी के सिलेडर भरे कौन। अगर कहीं से लेते है तो 1500 सौ से 1800 रुपये का मिल रहा है। इससे अच्छा उन्होंने चूल्हा जलाना ही फायदेमंद लगा है।

#### उचानाः एजेंसी के बाहर नहीं नजर आती अब भीड़

**उचाना।** बेशक जिले में गैस एजेंसी के बाहर एलपीजी गैस सिलेंडर लेने के लिए लोगों की भीड़ नजर आती हो लेकिन उचाना के बाइपास रोड पर स्थित गैस एजेंसी में कुछ अलग नजर आ रहा है। यहां पर बुधवार को दोपहर बाद कोई भीड़ नजर नहीं आई। इक्का-दुक्का उपभोक्ता जरूर नजर आए जो अपनी गैस सिलेंडर के कापी के लिए केवाईसी करवाने के लिए आए थे। कुछ दिन पहले जरूर गैस एजेंसी के बाहर भीड़ नजर आती थी लेकिन कुछ दिनों से नजारा अब बदला-बदला नजर आ रहा है। गैस एजेंसी मालिक बलकार सिंह ने कहा कि किसी तरह की कमी गैस सिलेंडर को लेकर नहीं है। उपभोक्ता किसी तरह की अफवाह में न आए। सरकार द्वारा जो नियम बनाए गए है उनके अनुसार तुरंत गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है। गैस सिलेंडर को लेकर दोपहर को कोई भीड़ एजेंसी के बाहर नहीं थी। कार्यालय में भी नामात्र लोग पहुंचे थे। उपभोक्ता संयम से काम ले किसी तरह की अफवाह में न आए।



#### मौसम के तेवरों ने किसानों की बढ़ाई परेशानी

**जींद।** मौसम परिवर्तनशील रहने के चलते बुधवार को अल सुबह बूंदाबांदी तथा बारिश हुई। हालांकि सूर्य देवता ने सुबह ही दर्शन दे दिए लेकिन दिनभर ठंडी हवाएं बहती रही। बारिश होने के चलते गेहूं कटाई का कार्य लगातार प्रभावित हो रहा है। वहीं हजारों क्विंटल गेहूं जिलाभर की मंडियों में पहुंच चुका है। जिसने किसानों की परेशानी को बढ़ा दिया है। बुधवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 15 डिग्री दर्ज किया गया। हवा की गति 6 किलोमीटर प्रति घंटा तथा आद्रता 43 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आगामी एक-दो दिन तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा। रबी की फसलें पक कर तैयार हैं। सरसों की फसल कट कर कर मंडियों में पहुंच रही है। गेहूं की फसल की भी कटाई शुरू है। ऐसे हालात में बारिश होने पर कटाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। पकी फसल भीग रही है। ऐसे में किसानों को अब फसल सूखने का इंतजार करना पड़ेगा। किसान सुनील, प्रकाश ने बताया कि खेतों में पीला सोना पक कर तैयार है।

## मौसम की उठापटक से किसान परेशान, फसल पर मंडराया संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

पिछले कुछ दिनों से मौसम में लगातार हो रहे बदलाव ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। कभी तेज धूप तो कभी अचानक बारिश और ठंडी हवाओं के चलते खेतों में खड़ी फसल पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। खासकर गेहूं की फसल, जो इस समय कटाई के दौर में है, मौसम की मार से प्रभावित हो रही है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम इसी तरह अस्थिर रहा तो उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है। क्षेत्र में सुबह के समय हल्की बूंदाबांदी और दिन में तेज हवा चलने का सिलसिला जारी है। मौसम के इस बदले मिजाज ने जहां आम जनजीवन को प्रभावित किया है, वहीं किसानों के लिए यह परेशानी का सबब बन गया है। गेहूं की फसल पककर तैयार है और कटाई का कार्य तेजी से चल रहा है, लेकिन बारिश और नमी के कारण कटाई में बाधा आ रही है। किसानों का कहना है कि इस समय हल्की सी भी बारिश फसल के दानों को नुकसान पहुंचा सकती है। खेतों में खड़ी फसल अगर भीग जाती है तो दाने काले पड़ जाते हैं और उनका वजन भी कम हो जाता है, जिससे मंडी में उचित भाव नहीं मिल पाता। इसके अलावा कटाई के बाद खेतों में पड़ी फसल भी बारिश के कारण खराब हो सकती है। स्थानीय किसान सुरेंद्र कुमार, गौरव, कुलदीप कुमार, प्रवीण विकास सियाराम सुरेश राविश राजेश कुमार कार्तिकेय सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी फसल की कटाई शुरू कर दी थी, लेकिन अचानक मौसम खराब हो गया।



राजौंद। बारिश और तेज हवाओं के बीच खेत में खड़ी गेहूं की फसल।

#### मौसम की अपडेट लेते रहें

बारिश के कारण उन्हें कटाई रोकनी पड़ी। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही मौसम साफ नहीं हुआ तो उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसी तरह अन्य किसानों ने भी अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस समय मौसम का स्थिर रहना बहुत जरूरी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक मौसम में इसी तरह उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। कभी बादल छाए रहेंगे तो कभी हल्की बारिश होने की संभावना है। विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे मौसम की जानकारी लेते रहें और उसी के अनुसार अपनी फसल की कटाई और भंडारण का कार्य करें।



गुहला-चीका। नाला निर्माण को लेकर सवाल उठाते पार्षद प्रतिनिधि।

### नपा चीका में नाले के निर्माण में घोटाले का आरोप

**गुहला-चीका।** नपा चीका में नाले के निर्माण कार्य को लेकर बड़े स्तर पर अनियमितताओं और कथित भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। वार्ड नंबर 6 के पार्षद प्रतिनिधि ने मामले में मुख्यमंत्री विंडो पर लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा है कि निर्माण कार्य में गड़बड़ियों से सरकार को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। शिकायत के अनुसार, नगरपालिका के कनिष्ठ अभियंता (जेई) खुशी राम और म्यूनिसिपल इंजीनियर (एमई) राजेश कुमार पर आरोप है कि उन्होंने नाले के निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएं बरतीं। पार्षद प्रतिनिधि ने दोनों अधिकारियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। बताया गया कि वार्ड नंबर 6 में मुख्य बाजार देवी लाल पार्क रोड पर मोनू से सिटी मॉल तक नाले को ढकने और उसके सौंदर्यीकरण का कार्य द अमन को-ऑपरेटिव लेबर एंड कंस्ट्रक्शन सोसाइटी लिमिटेड को आवंटित किया गया था।

## राइडर्स को ड्यूटी पूरी निष्ठा, सतर्कता जिम्मेदारी के साथ निभाने के निर्देश

- 25 राइडर्स बाइक व स्कूटी तैनात, हॉट स्पॉट क्षेत्रों में बढ़ेगी सुरक्षा

**कैथल।** जिला वासियों की सेवा, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से कैथल पुलिस ने एक सराहनीय कदम उठाया गया है। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार जिले में 25 राइडर्स बाइक व स्कूटी की विशेष टीम तैयार कर तैनात की है, जो सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बुधवार सुबह पुलिस लाइन कैथल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सतपाल तथा पीएसआई जॉनी द्वारा हरी झंडी दिखाकर इन सभी राइडर्स को जनता की सेवा के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर पीएसआई जॉनी ने राइडर्स को अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा, सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ निभाने के निर्देश दिए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यह राइडर्स टीम जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चिन्हित हॉट स्पॉट स्थानों पर विशेष रूप से गश्त करेगी। इन स्थानों पर नशा करने वाले, नशा तस्करी में लिप्त व्यक्तियों तथा अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अपराधों पर नियंत्रण, आमजन में सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देना तथा पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है। राइडर्स टीम संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए कानून व्यवस्था को बनाए रखने में भी अहम योगदान देगी।



## डंफर चालक ने बाइक सवार को रौंदा, अस्पताल में मौत

- परिवार का इकलौता चिराग था कर्ण, काम के लिए निकला था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव उचाना कलां के निकट तेज रफ्तार डंफर ने बाइक सवार को रौंद डाला। जिसकी उचाना नागरिक अस्पताल में मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर फरार डंफर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव घिमाना निवासी कर्ण (24) कार कंपनी में फिल्ड का कार्य करता था।

कंपनी के कार्य से वह उचाना एरिया में गया हुआ था। जब वह गांव खेड़ी मसानिया की तरफ से उचाना की तरफ आ रहा था तो गांव उचाना कलां गांव के पास डंफर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी और रौंदता हुआ निकल गया। घटना को अंजाम देकर चालक डंफर समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने कर्ण को नागरिक अस्पताल उचाना पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के पिता श्याम सुंदर ने बताया कि कर्ण परिवार को इकलौता चिराग था। जींद कार कंपनी में फिल्ड एग्जिक्यूटिव का कार्य करता था।

### नप की वार्षिक बजट बैठक : कांग्रेस पार्षद सुशीला शर्मा और चेयरपर्सन के बीच तीखी बहस

## नए वित्त वर्ष के लिए 113 करोड़ का बजट प्रस्तावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नगर परिषद की वार्षिक बजट बैठक बुधवार को जमकर हंगामे की भेंट चढ़ गई। बैठक के दौरान कांग्रेस पार्षद सुशीला शर्मा और चेयरपर्सन सुरभि गर्ग के बीच तीखी बहस हो गई, जिससे माहौल पूरी तरह गरमा गया। मीटिंग शुरू होने से पहले ही विवाद शुरू हो गया। पार्षद सुशीला शर्मा ने चेयरपर्सन पर आरोप लगाया कि वे फोन नहीं उठातीं और ऑफिस नहीं आतीं। इस पर चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने पलटवार करते कहा कि वे किसी को बताकर ऑफिस आने के लिए बाध्य नहीं हैं और उनका कार्यालय हर समय जनता के लिए खुला है। करीब एक घंटे तक चली बैठक में किसी तरह बजट पास किया गया। नए वित्त वर्ष के लिए 113 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। लेकिन इसके बाद बैठक का माहौल पूरी तरह बिगड़ गया। पार्षदों ने अतिक्रमण, सड़कों के निर्माण में घटिया सामग्री और शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। अतिक्रमण के मुद्दे पर कमेटी बनाने की बात कही गई, जबकि घटिया निर्माण पर ठेकेदार को नोटिस देने और भुगतान रोकने की जानकारी दी गई। इसी दौरान पार्षदों ने मीटिंग का एजेंडा समय से न मिलने पर सवाल उठाए। आरोप लगा कि 48 घंटे पहले एजेंडा देने के नियम के बावजूद केवल 17 घंटे पहले सूचना दी गई। चंदाना गेट स्थित नगर परिषद के जर्जर शोरूम का मुद्दा भी बैठक में गूंजा। पार्षदों ने इसकी बदहाल स्थिति और बेकार पड़े होने पर सवाल उठाए। अधिकारियों ने बताया कि इसे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को किराए पर देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।



कैथल। बैठक में बातचीत करते नगर पार्षद। फोटो :हरिभूमि

#### अतिक्रमण पर जताया विरोध

बैठक के दौरान शहर में बढ़ते अतिक्रमण और अवैध कब्जों पर भी कड़ा विरोध जताया गया। पार्षदों ने सवाल उठाया कि क्या नगर परिषद कब्जे करवाने का टेंडर भी देती है। वहीं, सेक्टर-20 में बनी सड़क के दो दिन में टूटने का मुद्दा भी गरमाया। अधिकारियों ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने और भुगतान रोकने की बात कही। हंगामा बढ़ता देख चेयरपर्सन सुरभि गर्ग बैठक बीच में ही छोड़कर चली गईं और कहा कि वे सड़कों का निरीक्षण करने जा रही हैं।

## जिला मुख्यालय पर 21 को प्रदर्शन करेंगे रिटायर्ड कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अक्षर भवन में रिटायर्ड कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी जींद की बैठक जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसका संचालन जिला सचिव राजकुमार श्योकंद ने किया।

बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार आठवें वेतन आयोग में पारित वित्त विधेयक 2025 को वापस नहीं ले रही है और सरकारी कर्मचारियों के समान सारी सुविधाएं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी उपलब्ध नहीं करवा रही है। इसी के साथ रिटायर्ड कर्मचारियों सहित तमाम कर्मियों को एलटीसी की सुविधा से वंचित कर रही है। जिसके विरोध स्वरूप अखिल भारतीय राज्य सरकारी पैंशनर्ज फैडरेशन के आह्वान पर पूरे देश में 21 अप्रैल को जिला मुख्यालयों पर रोष प्रदर्शन किए जाएंगे। बैठक में निजी बसों में व रोडवेज की वोल्वो व एसी बसों में आधा किराया माफ करने की मांग भी उठाई गई। बैठक को ईश्वर ठाकुर, सतबीर सिंह, होशियार सिंह, ईश्वर सिंह, सुबेसिंह, दरियाव सिंह, कर्मवीर सिंह संधू, छज्जूराम नैन व आजाद पांचाल मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला जेल जींद में हेल्थ चेकअप का आयोजन

**जींद।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण जींद के तत्वावधान में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मंगलवार को अमर ज्योति फाउंडेशन ओल्ड एज होम जुलाना व जिला जेल जींद में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम अध्यक्ष पूनम सुनेजा के निर्देशानुसार तथा सीजेएम कम सचिव मोनिका के मार्गदर्शन में इन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सीजेएम मोनिका ने बताया कि बदलती जीवन शैली और खान-पान की गलत आदतों के कारण कई बीमारियां तेजी से बढ़ रही है।

### 12 अप्रैल को लगाया जाएगा नेत्र जांच शिविर

**जींद।** सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाते अखिल भारतीय अग्रवाल समाज जींद की महिला विंग जींद द्वारा 12 अप्रैल को शहर में निशुल्क हेल्थ चेकअप एवं नेत्र जांच कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप चैंबर वाली धर्मशाला में सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित होगा। महिला विंग की प्रधान पुष्पा अग्रवाल ने बताया की इस पहल का उद्देश्य आमजन विशेषकर महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। कैंप में अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा शुगर, ब्लड प्रेशर सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की जाएगी।

### आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार 10 तक होगा

**जींद।** जिला कल्याण अधिकारी दीपिका ने बताया कि डा. अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन पत्र 31 जनवरी तक सरल पोर्टल पर ऑनलाइन आमंत्रित किए गए थे। बताया कि कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच के दौरान कुल 228 आवेदन पत्रों में दस्तावेज संबंधी त्रुटियां पाई गई हैं। संबंधित छात्र व छात्राएं अपने आवेदन पत्रों में पाई गई त्रुटियों को दूर करते हुए आवश्यक दस्तावेज आगामी 10 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

### आर्य समाज स्थापना दिवस दस को मनाया जाएगा

**जींद।** आर्य समाज जींद शहर द्वारा आर्य समाज स्थापना दिवस के उपलक्ष में आगामी 10, 11 और 12 अप्रैल को तीन दिवसीय भव्य वेद प्रचार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम एसडी स्कूल के पास स्थित आर्य समाज मंदिर में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा होंगे। कार्यक्रम में देश के विद्वान अपने व्याख्यान देंगे। जिनमें मुख्य रूप से पंडित शिव कुमार शास्त्री सहारनपुर उत्तर प्रदेश, भजनोपदेशक मोहित शास्त्री बिजनौर से होंगे। यज्ञ ब्रह्मा सुरेश चंद शास्त्री धर्माचार्य आर्य समाज मन्दिर होंगे।

### जैसा कर्म करेंगे वैसा फल देगा भगवान

**उचाना।** महाराजा अग्रसेन मंदिर उचाना मंडी में मंदिर पुजारी अशोक शर्मा के सान्निध्य में भजन-कीर्तन हुआ। यहां पर भक्तिमय गीतों पर श्रद्धालु झूमे। पुजारी ने कहा कि जैसा कर्म जीवन में करेंगे वैसा फल मिलेगा। अच्छे कर्म करेंगे तो फल अच्छा मिलेगा। बुरे कर्म अगर करेंगे तो फल उसके अनुसार मिलेगा। जीवन में जीतना हो सकें उतनी मदद करनी चाहिए। जो जीवन में झूकता है वो पाता है। अकड तो मुर्दे में होती है। कोई अकड़ता है वो मुर्दे के बराबर है। जीवन में हमेशा झूकना चाहिए। जो फलदार वृक्ष होता है वो झूकता है। उन्होंने कहा कि हमें जो मिला है उससे खुश नहीं चाहिए।

### कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ ली

**जींद।** स्वास्थ्य विभाग ने नगूरां में बेटी बचाओ, बेटी पढाओ पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने की। इस दौरान लोगों को कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलाने के अलावा मेरी बेटी मेरा संसार, मेरे जीवन का आधार नामक स्लोगनों से जागरूक किया। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम हरियाणा के पानीपत से चलाया गया था।

# नागरिक अस्पताल में गायनी वार्ड के पास बनाए नए रास्ते पर लगाया जाएगा शेड

## बारिश के दौरान नही होगी परेशानी, जच्चा-बच्चा को एंबुलेस सुविधा, प्रशासन ने बनवाया चार फीट चौड़ा नया गेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में गायनी वार्ड के पास ही जच्चा और बच्चा को एंबुलेंस सुविधा मिले, इसको लेकर चार फीट चौड़ा नया गेट व रास्ता बन कर तैयार है। अब जच्चा व नवजात की सेहत को ध्यान में रखते हुए यहां शेड लगाए जाने की योजना है ताकि बारिश के समय एंबुलेंस में ले जाते हुए जच्चा व बच्चा पर पानी की बूंदे न पड़ें। फिलहाल रास्ते को लेकर रैंप पर ब्लॉक्स लगा दिए गए हैं और आगामी एक या दो दिन में यहां शेड लगाने का कार्य भी शुरू किया जाएगा। इस समय नई बिल्डिंग में ही आप्रेशन वार्ड व आप्रेशन के बाद जच्चा व बच्चा को ठहराने के लिए वार्ड है। ऐसे में डिलीवरी के बाद महिलाओं को एंबुलेंस के लिए मुख्य गेट तक नही जाना पड़ेगा। सीधे गायनी वार्ड के पास ही एंबुलेंस सुविधा जच्चा व बच्चा को उपलब्ध हो जाएगी। पहले सिटी स्कैन के पास से जाना पड़ता था जच्चा व बच्चा को नागरिक अस्पताल में इस समय जच्चा व बच्चा को अगर एंबुलेंस से जाना है तो उसे सिटी स्कैन सेंटर के पास बने गेट पर जाना पड़ता है। या फिर पुरानी बिल्डिंग में एमरजेंसी के आगे से एंबुलेंस लेनी पड़ती है। गायनी वार्ड तक एबुलेंस न पहुंचने से गर्भवती महिलाओं को परेशानी होती है। अभी रास्ता नए भवन के सामने से होकर जाता है। जिसमें सीढ़ियां और दूरी ज्यादा है। ऐसे में स्वास्थ्य विभगा ने सीटी स्कैन के पीछे बने पार्क से रैंप को जुडवाया है। इसके लिए करीब 20 मीटर लंबी सड़क बना दी गई है। दीवार की मुख्य खिड़की तोड़ कर बड़ा दरवाजा बनाया गया है। इससे गाड़ी सीधे मुख्य द्वार तक पहुंचेगी और गर्भवती महिलाओं को स्ट्रेचर पर आसानी से ले जाया जा सकेगा। रैंप बन चुका है और अब यहां शेड लगाया जाएगा ताकि बारिश के समय भी परेशानी न हो। पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई सोहन सहित अन्य ने शेड को लेकर कार्य योजना तैयार कर ली है। नागरिक अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए नई बिल्डिंग में आपरेशन थिएटर तक एंबुलेंस की पहुंच भी होगी। यहां नई बिल्डिंग में पांच आपरेशन थिएटर हैं। यहां दीवार को तोड़ कर तीसरी मंजिल पर बने आपरेशन थिएटर तक एंबुलेंस पहुंचने के लिए रास्ता भी बनाया है। ऐसे में आपातकाल में मरीजों को काफी सुविधा रहेगी। ज्यादा सीरियस को सीधे आपरेशन थिएटर तक एंबुलेंस के जरिये लाया और ले जाया जा सकेगा।



जींद। शेड लगाने को लेकर दिशा-निर्देश देते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

**रैंप पर ब्लॉक्स भी लग चुके**

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि गायनी वार्ड के पास गेट बन कर तैयार और रैंप पर ब्लॉक्स भी लग चुके हैं। अब यहां शेड लगाया जाएगा ताकि बारिश के दौरान भी जच्चा व बच्चा सुरक्षित एंबुलेंस तक पहुंच सकें।



जींद। प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# स्कॉलरशिप परीक्षा में रामराय विद्यालय का उत्कृष्ट प्रदर्शन

- बच्चों ने स्कूल के साथ किया माता-पिता का नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामराय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्राचार्य ज्योति शर्मा ने कहा कि आज के दौर में जहां बच्चे मोबाइल पर लगे रहते हैं, इस में भी इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस महत्वपूर्ण परीक्षा के माध्यम से पूरे हरियाणा में बच्चे ने अपने विद्यालय का अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। इन बच्चों की सफलता से दूसरे बच्चे व दूसरे स्कूल के विद्यार्थी भी मोटिवेट होंगे तथा समाज में नए आयाम स्थापित करेंगे। यह परिणाम एक विशेष समय पर आया है जब सभी विद्यालयों में एडमिशन का कार्य चला हुआ है और उन्हें विश्वास है कि इस साल भी इस परीक्षा का परिणाम देखते हुए माता-पिता स्कूल में ज्यादा से ज्यादा बच्चों का एडमिशन करवाएंगे और हम इसी शिद्दत के साथ बच्चों को पढ़ाएंगे और ऐसे ही परिणाम आगे भी लाते रहेंगे। आज हमने इन विद्यार्थियों के साथ तीन ट्रैक्टर ट्रॉली में हमारे बच्चों व महिलाओं के साथ पांच गांव में एक रैली निकाली गई पहले गांव पोंकरीखेड़ी दूसरा गांव बागनवाला और तीसरा गांव गुलकनी और फिर राजपुरा भैण से होते हुए यह रैली यात्रा पुनः स्कूल रामराय में पहुंची और यह एक सफल रैली रही हैं। लोगों ने इस रैली का बड़े जोर-शोर से स्वागत किया और विशेषकर महिलाओं ने तो कई जगह बच्चों को मिठाई खिलाई और उनको पैसे देकर आशीर्वाद दिया। कंप्यूटर अध्यापक कुलबीर सिहाग ने बताया की इस प्रतिष्ठित परीक्षा में विद्यालय की छात्रा सुनिधि ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया और निधि ने द्वितीय व खुशप्रीत ने चौथा व रितिका ने सातवां स्थान प्राप्त कर टॉप 10 में जगह बना कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसके अलावा विद्यालय की छात्राएं सरिता मानवी उमंग पावनी यशमी व छात्र हरदीप ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय के कुल 10 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त की।

## मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में हेल्थ-डे पर कार्यक्रम

# स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना अत्यंत आवश्यक

## विद्यार्थियों से स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़े विभिन्न कार्य करवाए

**बच्चों को दिया स्वस्थ जीवन का संदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हेल्थ-डे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से लेकर चौथी कक्षा तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक विभाग की कोऑर्डिनेटर पूजा पसरीजा की देखरेख में अत्यंत व्यवस्थित और प्रभावी रूप से किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के अनुसार बच्चों को उनकी आयु और समझ के स्तर के अनुरूप जानकारी प्रदान की गई। नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों को अध्यापकों द्वारा सरल और रोचक तरीकों से स्वास्थ्यवर्धक आहार के महत्व के बारे में बताया गया। रंग, बिरंगे चित्रों, कहानियों और गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को यह समझाया गया कि फल, सब्जियां, दूध और घर का बना भोजन उनके शरीर को मजबूत बनाता है। साथ ही जंक फूड से होने वाले नुकसान के बारे में भी उन्हें सहज भाषा में अवगत कराया गया। कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों को स्वस्थ भोजन के साथ-साथ व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर विशेष रूप से जानकारी दी गई। उन्हें सिखाया गया कि भोजन करने से पहले और बाद में हाथ धोना, रोजाना नहाना, साफ कपड़े पहनना और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना कितना आवश्यक है। अध्यापकों ने बच्चों को व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से यह भी बताया कि स्वच्छता से बीमारियों से बचाव किया जा सकता है और स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है। कक्षा तीसरी और चौथी के विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम को और अधिक व्यावहारिक और सहभागिता आधारित बनाया गया। इन विद्यार्थियों से स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़े विभिन्न कार्य करवाए गए। जैसे सही तरीके से हाथ धोने का प्रदर्शन, स्वस्थ और अस्वस्थ भोजन की पहचान करना तथा दंत स्वच्छता के महत्व को समझना। बच्चों को दांतों की देखभाल के लिए नियमित ब्रश करने, मीठी चीजों का सीमित सेवन करने और समय-समय पर दंत चिकित्सक से जांच कराने के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



जींद। बच्चों को हैंडवाश करना सिखाते हुए। फोटो :हरिभूमि

**पौष्टिक भोजन के सेवन का संकल्प**

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वातावरण पूरी तरह स्वास्थ्य और स्वच्छता के संदेशों से गूंज उठा। इससे न केवल उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा मिला बल्कि विषय के प्रति उनकी समझ भी और गहरी हुई। प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा कि बच्चों के जीवन में स्वास्थ्य और स्वच्छता का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि विद्यार्थियों को जीवन जीने के सही तरीके भी सिखाने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हम बच्चों को प्रारंभिक अवस्था से ही स्वस्थ आदतों के प्रति जागरूक करें ताकि वे भविष्य में एक सशक्त और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास संभव है। इसलिए संतुलित आहार और स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना अत्यंत आवश्यक है। प्राचार्य ने आगे कहा कि विद्यालय समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। जिससे बच्चों में सकारात्मक आदतों का विकास हो सके। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे घर पर बच्चों को स्वस्थ भोजन दें और स्वच्छता के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के मन में स्थायी प्रभाव छोड़ते हैं और वे सीखी हुई बातों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने लगते हैं। अंत में सभी विद्यार्थियों ने यह संकल्प लिया कि वे हमेशा स्वच्छता का ध्यान रखेंगे और पौष्टिक भोजन का सेवन करेंगे।

**कंडेला में गन्ना किसान गोष्ठी**



**जींद।** शुगर मिल जींद द्वारा गांव कंडेला में बुधवार को गन्ना किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गन्ना किसान गोष्ठी कार्यक्रम की अध्यक्षता शुगर मिल के एमडी गुलजार मलिक ने की। इस अवसर पर जैविक खेती सलाहकार डा. सुभाष चंद्र, मैनेजर अमरीशए विशेषज्ञ मौजूद रहे। शुगर मिल के एमडी गुलजार मलिक ने कहा कि सरकार द्वारा गन्ना उत्पादक किसानों को अनेकों सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। प्रत्येक किसान इन सुविधाओं का फायदा जरूर उठाये। किसानों को पर्यावरण व जल को बचाने के लिए के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। एमडी शुगर मिल गुलजार मलिक को आश्वस्त किया कि वे इस बार पिछले वष से हम आपको कम से कम एक हजार एकड़ गन्ना मिल को उपलब्ध करवाएंगें। जिस पर एमडी शुगर मिल ने किसानों को आभार जताया। जैविक खेती के सलाहकार डा. सुभाष चन्द्र ने जैविक खेती से होने वाली फसलों के फायदों के बारे में किसानों को अवगत करवाया। इसके अलावा गन्ना प्रबंधक व विशेषज्ञ टीमों ने गन्नों की उन्नत किस्मों व उनमें आने वाली बीमारियों के उपचार के बारे में बताया।

# भाषण प्रतियोगिता में सूरज प्रथम

- नशा मुक्त भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में हिंदी विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कायक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रेरित करना था। प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रह कर स्वस्थ और सकारात्मक जीवन की ओर अग्रसर होना चाहिए तथा समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलानी चाहिए। कार्यस्त्र5म का संचालन हिंदी विभाग के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशे के दुष्परिणामों तथा इसके सामाजिक प्रभावों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका हरज्ञान, डा. शीला व ममता ने निभाई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम सूरज, द्वितीय स्वीटी और तृतीय सूरज ने स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं और नशा मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत करने का संदेश दिया गया।



जींद। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए।

### पेयजल व्यवस्था प्रबंधन में बढ़ेगी ग्रामीणों की सहभागिता : रणधीर

**जींद।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था के संचालन, प्रबंधन व रखरखाव में ग्रामीणों की सहभागिता बढेगी। जिसके लिए जिले की 245 सिगल विलेज ग्राम पंचायत में योजना को लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मताना, उपमंडल अभियंता रणवीर सिंह व नगूरां, चांदपुर सहित विभिन्न गांवों से आए हुए सरपंचों के साथ बातचीत करते जानकारी दी। रणधीर मताना ने कहा कि प्रबंधन व रखरखाव योजना के तहत जिन गांव में सिंगल विलेज स्कीम के तहत एक ही गांव में पेयजल के स्त्रोत टयूवैल, जलघर बने हुए है और पूरे गांव को पेयजल आपूर्ति होती है। वहां पर योजना के तहत पेयजल की आपूर्ति, लिकेज व अन्य उपकरणों की मुरम्मत का कार्य एक एजेंसी के माध्यम से ग्राम पंचायत द्वारा करवाया जाएगा।

# सीआरएसयू टीम ने राष्ट्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विवि के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी के मार्गदर्शन में चेन्नई में 10 मार्च से 14 मार्च तक आयोजित कलई सरल राष्ट्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वन एक्ट प्ले प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम की इस उपलब्धि ने विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। इस नाटक का विषय सपनों का सफर था। जिसे दर्शकों एवं निर्णायकों द्वारा अत्यंत सराहा गया। नाटक में छात्रों ने अपने सशक्त अभिनय, भाव प्रवण प्रस्तुति और प्रभावशाली संवाद अदायगी से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रतिभाशाली टीम में कुल नौ छात्र व छात्राएं अंजलि, रवि, अंकित, अभिषेक, नवरत्न, साहिल, दीक्षा एवं निशु शामिल थे। जिन्होंने राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय परिसर में टीम के लौटने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।



## बस की टाइमिंग विद्यार्थियों की सुविधा अनुसार तय

# खरल कन्या गुरुकुल में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए रोडवेज जींद डिपो ने चलवाई स्पेशल बस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना खंड के गांव खरल स्थित शिक्षण संस्थान में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए रोडवेज जींद डिपो ने एक स्पेशल बस चलाई है। हालांकि इसमें विद्यार्थियों के साथ अन्य यात्री भी सफर कर सकते हैं लेकिन बस की टाइमिंग विद्यार्थियों की सुविधा अनुसार तय की गई है। बस जींद से सुबह लगभग साढ़े सात बजे जाती हैए जो नरवाना से आगे लिंक रोड पर खरल जाती है। खरल से यात्रियों को लेकर बस जींद पहुंचेगी। इसके बाद दिन में बस दूसरे रूट पर चक्कर लगाएगी। फिर दोपहर बाद तीन बजे बस जींद से वापस खरल की ओर जाएगी। ऐसे में यह बस चलाए जाने पर यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। जींद से खरल की दूरी लगभग 50 किलोमीटर है। जींद से बस चल कर वाया खटकड़, उचाना, नरवाना होते हुए बेलरखां, हमीरगढ़ होते हुए खरल पहुंचेगी। खरल गांव में कन्या गुरुकुल है। ऐसे में यह बस चलने से जहां एक ओर छात्राओं को लाभ होगा वहीं दूसरी ओर अन्य ग्रामीणों को भी गांव से नरवाना, उचाना व जींद शहर आवागमन करने में आसानी होगी। ग्रामीणों ने मांग की थी कि इस रूट पर स्पेशल बस चलाई जाए। क्योंकि जींद से नरवाना रूट पर रेवले ट्रैक पर भी खरल का स्टापेज नहीं है। अगर यात्री नरवाना ट्रेन से खरल जाते हैं तो उन्हें बस या अन्य वाहन से लिफ्ट लेकर जाना पड़ता है। ऐसे में अब जींद से खरल के लिए यह स्पेशल बस शुरू की गई है। यात्रियों की मांग पर पिछले दिनों मार्च महीने के बीच में रोडवेज जींद डिपो ने छात्राओं के लिए घोघड़ियां के लिए स्पशेल बस चलाई है। यह बस सुबह सात बजे जींद बस स्टैंड से रवाना होती है। घोघड़िया से सुबह आठ बजे छात्राओं को लेकर जींद के लिए रवाना होती है। फिर दोपहर दो बजकर 20 मिनट पर जींद से बस घोघड़िया के लिए दोबारा रवाना होती है।



**बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी**

जींद बस अड्डा के डीआई सुनील ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर जींद से खरल के लिए बस चलाई गई है। इससे गांव की छात्राओं के साथ-साथ अन्य ग्रामीणों को भी शहर आने जाने में सुविधा होगी। रोडवेज का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा दी जाए।



नरवाना। यज्ञ कर नए सत्र का शुभारंभर करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**धूमधाम से नए सत्र का शुभारंभ**

**नरवाना।** एसडी कन्या महाविद्यालय नरवाना के प्रांगण में नए सत्र के शुभारंभ के अवसर पर हवन, पूजन एवं संगीतमय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्था के महासचिव जियालाल गोयल ने सर्वप्रथम संस्था के संस्थापक लाल गौरी शंकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद विधिवत सरस्वती पूजन तथा लोक कल्याण छात्राओं के उज्जवल भविष्य तथा संस्था की निरंतर उन्नति के लिए संस्था के गणमान्य व्यक्तियों बच्चों तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा हवन किया गया। पूर्णाहुति के पश्चात पीर बाबा पर बच्चों द्वारा भक्तिमय भजन एवं मनमोहक प्रस्तुति द्वारा सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया । कार्यक्रम के इस अवसर पर प्रधानाचार्या नीना गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में नैतिक धार्मिक एवं सनातन के प्रति अच्छे संस्कारों का उदय होता है तथा बच्चों में सद्गुणों का विकास होता है।

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा दे युवती से किया दुष्कर्म

**कैथल।** शहर की एक कॉलोनी निवासी 25 साल की युवती ने पड़ोसी युवक पर ही दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़ित युवती की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने युवक के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में पीड़ित युवती ने बताया कि वह घर पर ही रहती है। उसके पड़ोस में दिनेश नाम का युवक रहता है, जिससे कई साल पहले पहचान हुई थी। नवंबर 2025 में आरोपी युवक ने उसे शादी का झांसा दिया और शहर के एक होटल में ले गया। वहां उसने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और शादी का वादा किया।

### नौ अप्रैल से शुरू होगा 8वां राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा

**कैथल ।** महिला एवं बाल विकास विभाग कैथल की जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर ने बताया कि 9 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक 8वां राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत जिला, खंड और ग्रामीण स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमजन को पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष पखवाड़े की थीम जीवन के पहले वर्षों में मस्तिष्क विकास को अधिकतम करना रखा गया है, जिसके माध्यम से बच्चों के शुरुआती वर्षों में उनके शारीरिक व मानसिक विकास को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

### सशस्त्र बलों के लिए हेल्पलाइन सेवा शुरू

**कैथल।** जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि हरियाणा सरकार के सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग (सीएपीएफ) ने सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कर्मियों तथा उनके परिजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक समर्पित हेल्पलाइन सेवा शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य सेवारत जवानों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को एक ही मंच पर सहायता और मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। यह हेल्पलाइन सेवा 20 मार्च 2026 से प्रभावी रूप से शुरू कर दी गई है। इस सेवा के लिए 0172-5210277 नंबर जारी किया गया है, जिस पर कॉल कर संबंधित समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

### महाबीर कॉलोनी व रामगढ़ पांडवा से 2 बाइक हुई चोरी

**कैथल।** जिले में शहर की महाबीर राइस कॉलोनी व कलायत के गांव रामगढ़ पांडवा से 2 बाइक चोरी हो गई। शिकायत पर संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में सिविल लाइन थाना में दी शिकायत में महावीर राइस कॉलोनी निवासी विकास मनचंदा ने बताया कि वह 6 अप्रैल को सुबह साढ़े 11 बजे किसी जान-पहचान के युवक से बाइक लेकर बिजली निगम में बिल भरने के लिए गया था। इस दौरान किसी अज्ञात ने उसकी बाइक चोरी कर ली। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़कों के पैच ठीक करने और कंट्रोल रूम को शिफ्ट करने के दिए निर्देश

# उपायुक्त ने विस्तार मंडी का दौरा कर खरीद प्रक्रिया का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी अपराजिता ने बुधवार को विस्तार अनाज मंडी का दौरा किया और खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने मंडी परिसर में सड़कों की स्थिति का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को तुरंत मरम्मत और पैचवर्क करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों और वाहनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही कंट्रोल रूम को शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सबसे पहले ढेरियों पर जाकर नमी मापक मीटर से गेहूं में नमी की जांच करवाई। साथ ही कांटे से गेहूं के एक बैग का वजन भी करवा कर देखा। इसके बाद उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए मंडी के मुख्य गेट पर स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया और अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। साथ ही कंट्रोल रूम को बेहतर स्थान पर शिफ्ट करने के भी निर्देश दिए, ताकि निगरानी व्यवस्था और अधिक मजबूत हो सके।

डीसी अपराजिता ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि किसानों की फसल की समय पर खरीद, उठान और भुगतान हो, इसी लक्ष्य को लेकर कार्य किया जाए। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की जाए।



**कैथल।** डीसी अपराजिता गेहूं खरीद का जायजा लेते हुए । *फोटो : हरिभूमि*

#### जांची व्यवस्था

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में यातायात व्यवस्था सुचारू रखी जाए और फसल की तुलाई, साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, किसानों के बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं चौक चौबंद रखें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उनके साथ डीएफएससी वरिंद्र सिंह, मंडी सचिव नरेंद्र ढुल, डीएमईओ अभिनव वालिया सहित अन्य खरीद एजेंसियों के अधिकारी मौजूद रहे।



**राजौंद।** अनाज मंडी में गेहूं की भारी आवक के बीच अपनी फसल की खरीद का इंतजार करते किसान। *फोटो : हरिभूमि*

### राजौंद मंडी में गेहूं की आवक तेज, खरीद में देरी

**राजौंद ।** स्थानीय अनाज मंडी में इन दिनों गेहूं की आवक तेजी से बढ़ रही है, जिसके चलते पूरी मंडी गेहूं से भरी हुई नजर आ रही है। मंडी में अब तक लगभग 40 हजार क्विंटल गेहूं पहुंच चुका है, लेकिन शुरुआती दिनों में खरीद प्रक्रिया शुरू न होने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मार्केट कमेटी के सचिव ओमप्रकाश ने बताया कि गेहूं की आवक लगातार बढ़ रही है, लेकिन मौसम की मार और तकनीकी कारणों के चलते खरीद में देरी हुई। वहीं, किसान अपनी फसल को बचाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। बीच-बीच में हो रही बूंदाबांदी और आसमान में छाए बादल किसानों की चिंता को और बढ़ा रहे हैं। किसानों का कहना है कि उनकी गेहूं की फसल सरकार द्वारा तय मानकों के अनुरूप है, लेकिन वेयरहाउस निरीक्षक द्वारा बार-बार नमी अधिक होने का हवाला देकर खरीद टाली जा रही है। किसान कवरपाल, सतबीर और सुरेश सहित अन्य किसानों ने बताया कि दो दिन पहले कृषि मंत्री ने बायोमेट्रिक और गेट पास की समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक मंडी में बिना बायोमेट्रिक के गेट पास नहीं बनाए जा रहे हैं। किसानों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि फसल बेचने के लिए सरकार जटिल प्रक्रियाएं लागू कर रही है, जिससे उनकी परेशानी बढ़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जब देश में अन्य अवैध गतिविधियां बिना रोक-टोक चल रही हैं, तो किसानों पर इतनी सख्ती क्यों की जा रही है। वहीं, वेयरहाउस निरीक्षक दीपक ने जानकारी दी कि आज से गेहूं की खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और करीब 10 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है।

# पूंडरी ब्लॉक में ग्राम सचिव एसोसिएशन का गठन

### सर्वसम्मति से नरेश कुमार प्रधान व पवन कुमार बने उपप्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी ब्लॉक में ग्राम सचिव एसोसिएशन का गठन किया गया, जिसमें नरेश कुमार को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। यह निर्णय जिला प्रधान सुनील गोयत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में ब्लॉक पूंडरी के ग्राम सचिवों ने भाग लेते हुए संगठन को मजबूत करने और कर्मचारियों की समस्याओं को उठाने पर जोर दिया। बैठक के दौरान ग्राम सचिवों ने एकजुट होकर अपने अधिकारों की आवाज बुलंद करने तथा नई कार्यकारिणी के माध्यम से संगठन को सक्रिय बनाने का संकल्प लिया।

इस मौके पर नरेश कुमार प्रधान, पवन कुमार उप प्रधान, अमरजीत कैशियर, आशीष कोषाध्यक्ष, रामप्रसाद प्रवक्ता और सतीश कुमार सलाहकार/रिकॉर्ड कीपर की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा रामप्रसाद और प्रवीन कुमार को जिला कार्यकारिणी के लिए नामित किया गया। नवनियुक्त प्रधान नरेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की मजबूती ही कर्मचारियों की ताकत है। ग्राम सचिवों की सभी समस्याओं को एकजुट होकर प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा और उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने सभी साथियों से संगठन को मजबूत बनाने और आपसी सहयोग से आगे बढ़ने का आह्वान किया।



**पूंडरी।** नवनियुक्त प्रधान नरेश व अन्य पदाधिकारियों का सम्मान करते हुए।

#### जनसमस्याओं को उठाने का दिया भरोसा

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के हित में कार्य करने तथा ग्राम सचिवों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ उनके कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी।

# नई शिक्षा नीति शिक्षण प्रणाली को बनाती है अधिक लचीला, समावेशी एवं कौशल आधारित : प्रो. टंकेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आर.के.एस.डी. महाविद्यालय, कैथल में यूजीसी–मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर (एमएमटीटीसी), सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा के सहयोग से एनईपी 2020 ओरिएंटेशन एवं सेंसिटाइजेशन कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक संचालित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र अत्यंत गरिमामय रहा। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक के रूप में सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। निदेशक, यूजीसी-एमएमटीटीसी, प्रो. परमोद कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने उद्बोधन में अनुभवात्मक अधिगम, इंटर्नशिप तथा बहुविषयक शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति शिक्षण प्रणाली को अधिक लचीला, समावेशी एवं कौशल आधारित बनाती है। प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को नई शैक्षणिक दृष्टि प्रदान करते हैं और संस्थान को शैक्षणिक उत्कृष्टता की ओर अग्रसर करते हैं। महाविद्यालय के प्रधान अश्वनी शोरेवाला ने कहा कि "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीय शिक्षा प्रणाली को नई दिशा प्रदान करने वाली दूरदर्शी पहल है। यह नीति विद्यार्थियों के समग्र विकास, कौशल उन्नयन एवं नवाचार आधारित शिक्षण को बढ़ावा देती है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को समयानुकूल शिक्षण पद्धतियों से जोड़ते हैं और उन्हें अधिक प्रभावी एवं विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षा प्रदान करने के लिए सक्षम बनाते हैं।" सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा की ओर से प्रो. पवन कुमार शर्मा तथा प्रो. तनु गुप्ता ने भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



**कैथल।** एनईपी 2020 ओरिएंटेशन एवं सेंसिटाइजेशन कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारी

#### आयोजन में इनका रहा महत्वपूर्ण सहयोग

कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय डॉ. अर्चना यादव (प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, सीयूएच) तथा डॉ. विशाल आनंद (प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, आर.के.एस.डी. महाविद्यालय) द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। आर.के.एस.डी. महाविद्यालय की ओर से उप-प्राचार्य डॉ. राजबीर पराशर तथा एनईपी समिति के सभी सदस्यों ने भी इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## पूर्व प्राचार्य बक्शी के सम्मान में 131 लोगों ने किया रक्तदान



**पूंडरी।** की पंजाबी धर्मशाला में पंजाबी युवा सभा द्वारा डीएवी पब्लिक स्कूल की रिटायर्ड प्रिंसिपल साधना बक्शी के सम्मान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सतपाल जांबा ने शिरकत की, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैली मुंजाल मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी युवा सभा के अध्यक्ष दीपक कुमार नन्द्राजोग ने की। रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से आयोजित इस रक्तदान शिविर में 131 युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पूर्व प्रिंसिपल साधना बक्शी को पंजाबी युवा सभा द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके पति समाजसेवी अजीत बख्शी और पुत्र एडवोकेट मानिक बख्शी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि रक्तदान महादान है, जो किसी के अनमोल जीवन को बचाने में सहायक होता है। साधना बक्शी ने 36 वर्षों तक डीएवी पब्लिक स्कूल, पूंडरी में अपनी सेवाएं देकर शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष शैली मुंजाल ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है, जिससे जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिलता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे ऐसे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें।

# कुराड के शमशेर ने नेशनल भाला फेंक मुकाबले में जीता रजत पदक

### 72 वर्षीय खिलाड़ी ने 5वीं खेलो इंडिया मास्टर एथलेटिक मीट में दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के गांव कुराड के 72 वर्षीय खिलाड़ी शमशेर जेलदार ने पांचवी खेलो इंडिया मास्टर एथलेटिक मीट में सिल्वर पदक जीता है। उन्होंने भाला फेंक मुकाबले में दूसरा स्थान हासिल किया। नेशनल स्तर पर इस बड़ी उपलब्धि के लिए कैथल डीसी अपराजित ने विशेष रूप से होनहार खिलाड़ी शमशेर जैलदार को निमंत्रण देकर कार्यालय में हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ-साथ जिस प्रकार मास्टर देश दुनिया में हरियाणा को सम्मान दिला रहे हैं वह उत्साहित करने वाला कार्य है। शमशेर जैलदार ने बताया कि खेलो इंडिया मीट चंडीगढ़ में 20 से 21 मार्च तक आयोजित हुई। भाला फेंक में दिल्ली के राजेंद्र सिंह स्वर्ण और सिल्वर पदक पर शमशेर जैलदार ने अपना नाम लिखा। बचपन से ही शमशेर जैलदार का खेलों के प्रति बेहद लग रहा है। अब तक वे जिला, प्रदेश, नेशनल और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनगिनत मेडल जीत चुके हैं। खिलाड़ी शमशेर जैलदार सुबह 5:45 पर खेल मैदान में पहुंच जाते हैं और 8:00 बजे तक उनके यहां अभ्यास रहता है। शरीर को निरोग और स्वस्थ रखने के लिए शमशेर जैलदार मीठे से फ्रिज करते हैं शाकाहारी और पौष्टिक भोजन उनका पसंदीदा आहार है।



**कलायत।** खिलाड़ी शमशेर जैलदार का उत्साह बढ़ाती डीसी अपराजिता ।

# गेहूं खरीद के नए नियम पूरी तरह किसान हितैषी : अशोक

**पूंडरी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने गेहूं खरीद को लेकर लागू किए गए नए नियमों पर विपक्ष द्वारा किए जा रहे विरोध को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि किसान किसी भी प्रकार के बहकावे में नहीं आएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बनाई गई व्यवस्था पूरी तरह किसान हित में है और इससे किसानों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गेहूं सीजन के दौरान किसान को गेट पास लेने, ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने और अन्य नियमों का पालन करने में मात्र 3 से 5 मिनट का समय लग रहा है। इस प्रक्रिया को इतना सरल बनाया गया है कि किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ रहा। उन्होंने कहा कि किसान अब समझदार हो चुका है और वह किसी भी प्रकार के भ्रामक प्रचार में नहीं आने वाला। उन्होंने कहा कि नायब सैनी सरकार लगातार किसानों के हित में फैसले ले रही है और मंडियों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक कर रहे हैं ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश में किसानों के हित में ऐतिहासिक फैसले लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की प्राथमिकता किसानों को समय पर भुगतान, पारदर्शी व्यवस्था और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उनके नेतृत्व में कृषि क्षेत्र को नई दिशा मिल रही है और किसान वर्ग खुद को सुरक्षित व सशक्त महसूस कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि गेहूं खरीद सीजन पूरी तरह सफल रहेगा और किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य समय पर मिलेगा।



**कार्यक्रम** | कपिल कमल पर कार्यकर्ताओं ने मनाया ज्योति सैनी का जन्मदिन

# जिलाध्यक्ष सैनी के नेतृत्व में भाजपा कैथल मजबूती की ओर अग्रसर : शर्मा

**स्नेह और सहयोग भाजपा संगठन की सबसे बड़ी ताकत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भाजपा जिला कार्यालय कपिल कमल, कैथल में भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी का जन्मदिन सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर, पुष्प भेंट कर तथा शुभकामनाएं देकर अपने जिलाध्यक्ष के प्रति सम्मान और स्नेह प्रकट किया।

इस अवसर पर ज्योति सैनी ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्नेह और सहयोग ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी को साथ लेकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। भाजपा जिला महामंत्री मुनीश शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि ज्योति सैनी के नेतृत्व में भाजपा कैथल निरंतर मजबूती की ओर अग्रसर है और संगठन नई ऊंचाइयों को छू रहा है। कैथल नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि ज्योति सैनी एक सक्रिय, कर्मठ और समर्पित नेतृत्वकर्ता हैं, जिनके मार्गदर्शन में पार्टी संगठन को नई दिशा मिल रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रताप गुप्ता ने कहा कि ज्योति सैनी का संगठन के प्रति समर्पण और कार्यशैली सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक है। सांसद नवीन जिंदल के कैथल जिंदल हाउस प्रभारी रविन्द्र धीमान ने उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हिमांशु गोयल ने कहा कि ज्योति सैनी के नेतृत्व में पार्टी जन-जन तक अपनी नीतियों और विचारधारा को प्रभावी रूप से पहुंचा रही है।





**कैथल।** भाजपा नेता रामप्रताप गुप्ता ज्योति सैनी का स्वागत करते हुए व भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी जन्मदिवस पर केक काटते हुए।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम राजपाल तंवर व सुभाष हजवाना,मुनीष शर्मा, देवेन्द्र पांचाल, हिमांशु गोयल, अजीत चहल, कैथल नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, रेखा रानी, शैली मुंजाल, जंगीर सिसला व शक्ति सोथा, अजय प्रताप राणा व जिला कार्यालय प्रमुख हरिचंद जांगड़ा आदि उपस्थित रहे।

*समस्याओं के समाधान की उठाई मांग*

# एचएसईबी कर्मियों ने सरकार पर लगाया भेदभाव का आरोप

**राजौंद।** एचएसईबी वर्कर्स की सब यूनिट राजौंद द्वारा बुधवार को मुख्य गेट पर रोष गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान अश्वनी ढांडा ने की, जबकि मंच संचालन जॉइंट सेक्रेटरी रमन ने किया। मीटिंग के दौरान कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न लंबित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। कर्मचारियों ने बताया कि राजौंद के कई कर्मचारी—मनोज कुमार, मुकेश कुमार, प्रवीण कुमार, जगदीश (जेई), सतिश (जेई), रोहतास शर्मा (एएलएम) और प्रवेश लाइनमैन की चार्जशीटों का समाधान पिछले दो वर्षों से लंबित है। जवाब प्रस्तुत किए जाने के बावजूद एसई कैथल और एसई एचआर पंचकूला स्तर पर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों के मामलों में शीघ्र कार्रवाई कर उन्हें प्रमोशन दे दिया जाता है, जबकि कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। लंबित मामलों के चलते संबंधित कर्मचारी प्रमोशन, एसीपी व अन्य लाभों से वंचित हैं। इसके अलावा कर्मचारियों ने उपमंडल अधिकारी (एसडीओ) राजौंद पर भी गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि एसडीओ समय पर कार्यालय नहीं आते, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी होती है। इस अवसर पर मुकेश कोटड़ा, कुलदीप बनवाला, गुरुदेव मुंडे, प्रवीण कोटड़ा, रोहतास कैशियर, अमन, राजेंद्र लाइनमैन, मनोज, जगबीर, सब सिंह, सियाराम आदि उपस्थित रहे।



## ऑपरेशन स्माइल में पुलिस ने एक सप्ताह में 34 गुमशुदा को ढूंढ़ा

**कैथल।** पुलिस विभाग द्वारा मानव तस्करी के खिलाफ और बंधुआ मजदूरों को रेस्क्यू करने के लिए स्पेशल अभियान ऑपरेशन स्माइल शुरू किया गया था, जिसके तहत गुमशुदा बच्चों और वयस्कों को खोजना और उनके परिवार से मिलवाया जाता है। इसी कड़ी में कैथल पुलिस द्वारा गुमशुदा महिलाओं व अन्य व्यक्तियों की भी तलाश कर उन्हें अपनों से मिलवाने का काम किया गया। जानकारी देते हुए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि इस मुहिम दौरान कैथल पुलिस द्वारा अभियान के पहले सप्ताह में उल्लेखनीय कार्य करते हुए अब तक 34 गुम हुए व्यक्तियों को ढूंढा गया, जिनमें बच्चे व व्यस्क महिला/पुरुष शामिल है।



## नगर पालिका कर्मचारी संघ ने झाड़ू लेकर प्रदर्शन किया

# दमकल विभाग के कर्मचारियों ने केंद्र पर धरना देकर की हड़ताल

फायर विभाग के कर्मचारियों की मांगों व आंदोलन का समर्थन किया



गुहला चीका। धरने पर बैठे अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन शाखा नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर दो दिवसीय राज्य व्यापी हड़ताल के पहले दिन कैथल फायर स्टेशन पर धरना-प्रदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान शमशेर सिंह ने की संचालन सन्नी प्रजापति ने किया। नगर पालिका कर्मचारी संघ की राज्य कमेटी के आह्वान पर कैथल इकाई ने नगर परिषद से पेहवा चौक होते हुए फायर स्टेशन तक झंडे झाड़ू लेकर प्रदर्शन किया और फायर के कर्मचारियों की मांगों व आंदोलन का समर्थन किया।

सर्व कर्मचारी संघ जिला कमेटी की तरफ से जिला प्रधान ओमपालभाल, जिला सचिव राज्य सहसचिव शिवचरण, कोषाध्यक्ष रामफल दयोहरा, वरिष्ठ उप प्रधान छज्जू राम, सहसचिव शीशराम, संगठन सचिव रमेश कुमार पाड़ला व जिला उप प्रधान सावित्री, हयियाणा विधायक अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा व क्लास फोर यूनियन के राज्य महासचिव व एसकेएस के राज्य उप प्रधान कपिल सिरोही ने संयुक्त रूप से कहा कि दमकल कर्मचारी हर परिस्थिति में अपनी जान जोखिम में डालकर जनता, किसानों और समाज की सुरक्षा करते हैं, लेकिन सरकार उनके साथ उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाकर उनकी शहादत को नजरअंदाज कर रही है। संघ नेताओं ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र का हवाला देते हुए कहा कि उसमें स्पष्ट रूप से दमकल कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों, फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद हुए भवी चंद शर्मा और रणवीर सिंह को सम्मान देने तथा प्रस्तावित हड़ताल को टालने हेतु तत्काल वार्ता की मांग उठाई गई थी। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### ये लिया निर्णय

बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि सरकार शीघ्र ही दमकल कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती और वार्ता शुरू नहीं करती, तो सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा दमकल कर्मचारियों के आंदोलन को हर स्तर पर समर्थन देगा और आवश्यक होने पर राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा। हड़ताल व धरना-प्रदर्शन को सीटू व रिटायर्ड कर्मचारियों के नेता जयप्रकाश शास्त्री, रमेश हरित, जिला प्रधान गौरव, टांक, आदि ने संबोधित किया।

## अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी

**गुहला चीका।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा शाखा तथा हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन द्वारा घोषित दो दिवसीय प्रदेशव्यापी हड़ताल के पहले दिन बुधवार को ब्लॉक गुहला व सीवन के दमकल कर्मचारी हड़ताल पर बैठ गए। कर्मचारियों ने दमकल केंद्र कार्यालय गुहला में धरना दिया। हड़ताल की अध्यक्षता यूनियन के कैशियर अशोक कुमार ने की, जबकि मंच संचालन प्रधान अमर सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक गुहला के प्रधान पवन शर्मा और जगबीर मान विशेष रूप से समर्थन देने पहुंचे। अशोक कुमार ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक सरकार फरीदाबाद की केमिकल फैक्ट्री में आग बुझाते समय शहीद हुए कर्मचारी भविचंद शर्मा और रणवीर सिंह को शहीद का दर्जा नहीं देती, उनके परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी नहीं दी जाती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। वहीं नगर पालिका कर्मचारी संघ ब्लॉक गुहला के प्रधान पृथ्वीराम ने कहा कि यदि दमकल कर्मियों की जायज मांगों और यूनियन के 22 सूत्रीय मांग पत्र का समाधान नहीं किया गया, तो यह दो दिवसीय हड़ताल अनिश्चितकालीन आंदोलन में भी बदल सकती है। उन्होंने सरकार से जल्द बातचीत कर समाधान निकालने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि हड़ताल के दौरान प्रदेश में कोई अप्रिय घटना होती है, तो उसकी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी। इस अवसर पर यूनियन कैशियर धन्नाराम, वरिष्ठ उपप्रधान चिंता देवी, मलकीत सिंह, गुरदीप, श्याम सिंह सहित नगर पालिका के कर्मचारी शंकर, सुखविंदर, सरबजीत, गुरमीत, प्रेम, जीतो आदि मौजूद रहे।

## अग्निशमन कर्मियों ने की दो दिवसीय हड़ताल

**जींद।** सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर अग्निशमन व नगरपालिका कर्मचारी संघ ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर दो दिवसीय हड़ताल बुधवार को अग्निशमन कार्यालय के बाहर शुरू कर दी है। कर्मचारियों ने सरकार को चेताते हुए कहा कि यदि जल्द से जल्द उनकी मांगें पूरी नहीं की गई तो यह हड़ताल अनिश्चितकालीन भी चल सकती है। सर्वकर्मचारी संघ के प्रधान मनदीप नेहरा, अग्निशमन विभाग के जिला प्रधान सुनील कुंडू, नगर पालिका को जिला प्रधान सोहन लाल ने कहा कि लंबे समय से उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है। जिसके चलते उन्हें मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि समय रहते उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने मांगों को दोहराते हुए कहा कि फरीदाबाद में जान गंवाने वाले फायरमैन रणबीर सिंह व भविचंद को शहीद का दर्जा दिया जाए तथा उनके परिजनों को सरकारी नौकरी दी जाए। इसके अलावा उनकी प्रमुख मांगों में स्थायीकरण, न्यूनतम वेतन 50 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित करने, ट्रांसफर पॉलिसी को स्पष्ट एवं पारदर्शी बनाने, एसीपी एवं अन्य दीर्घकालिक लाभ लागू करने की मांग शामिल है। इसके अलावा कर्मचारियों ने वार्षिक वेतन वृद्धि कम से कम 10 हजार रुपये करने, अन्य विभागों के समान सुविधाएं देने, एचकेआरएन कर्मचारियों को पेरोल प्रणाली में शामिल करने, एलटीसी एवं अन्य भत्तों का लाभ प्रदान करने तथा पूर्ण अवकाश की सुविधा उपलब्ध करवाने की भी मांग उठाई है। कर्मचारियों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

## न्यूज डायरी

### कौल में शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती का स्वागत

**ढांड।** गांव कौल स्थित महान दानवीर कर्ण (गढ़रथेश्वर) तीर्थ पर शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती के आगमन पर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। उनके स्वागत के लिए स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शंकराचार्य के आगमन पर पुष्प वर्षा, मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए शंकराचार्य ने महाभारत काल के महान दानवीर कर्ण के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कर्ण केवल एक पराक्रमी योद्धा ही नहीं, बल्कि त्याग, दान और आत्मसम्मान के प्रतीक थे। कर्ण, अर्जुन और भीष्म पितामह तीनों ही अपने-अपने गुणों के कारण समाज के लिए आदर्श हैं।

### दयालु 2 योजना के तहत मिलेगा आर्थिक सहयोग

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने पशुओं से हुई दुर्घटना के पीड़ित लोगों से सरकार की दयालु 2 योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि सड़कों पर घूम रहे पशुओं से होने वाली दुर्घटना में किसी भी नागरिक की मृत्यु या दिव्यांगता होने की स्थिति में दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना दयालु 2 के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। योजना पोर्टल का सरलीकरण भी किया गया है ताकि पात्र परिवारों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश में दयालु 2 योजना पोर्टल का शुभारंभ किया जा चुका है। यह पोर्टल सरकार की पारदर्शी एवं सरल सेवा वितरण प्रणाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### सरकार की नीतियों से आढ़ती और किसान परेशान

**पूंडरी।** इनैलो नेता एवं हरियाणा वाटर पॉल्यूशन बोर्ड के पूर्व सदस्य रामप्रकाश गोगी कत्याल ने कहा कि प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण आज किसान और आढ़ती दोनों ही वर्ग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद को लेकर बनाए गए नए नियम पूरी तरह अव्यवहारिक हैं और इससे मंडियों में अव्यवस्था फैल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आढ़तियों के कमीशन में कटौती करना पूरी तरह गलत निर्णय है। इससे आढ़ती वर्ग आर्थिक रूप से प्रभावित हो रहा है और इसका सीधा असर किसानों पर भी पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि आढ़तियों को उचित कमीशन दिया जाए और खरीद प्रक्रिया को सरल बनाया जाए।

### भाकियू का ऐलान, आज से मंडी में धरना शुरू

**जींद।** भारतीय किसान यूनियन जिला द्वारा बुधवार को किसान भवन शिव कॉलोनी में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता छज्जू राम कंडेला ने की। भाकियू के जिला प्रेस प्रवक्ता रामराजी ढुल, जिला प्रधान बिंद्र नंबरदार ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों की फसल बिक्री पर सरकार द्वारा लगाई जा रही अनावश्यक शर्तों, बायोमीट्रिक, ट्रैक्टर नंबर प्लेट की अनिवार्यता समेत दूसरी शर्तों के विरोध में आज यानि वीरवार से मंडी में धरना शुरू किया जाएगा। रामराजी ढुल ने कहा कि 11 अप्रैल को चार घंटे पूरे प्रदेश में चक्का जाम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नई अनाज मंडी में धरना तब तक जारी रहेगा। जब तक नए नियम वापस नहीं होते।

### चोरी की मोटरसाइकिल सहित दो आरोपी काबू

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ चोरी की मोटरसाइकिल सहित दो आरोपियों को काबू किया गया है। एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एएसआई अशोक कुमार की टीम गश्त दौरान शिला खेड़ा मोड़ पर मौजूद थी। जहां पुलिस को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि देवेन्द्र निवासी गांव करोडा हाल गली नं. 5 बालाजी कॉलोनी कैथल तथा उसका साथी सूरज कुमार निवासी ओम शांति नगर देवीगढ़ रोड कैथल एक चोरी की मोटरसाइकिल पर घूम रहे हैं। आरोपियों द्वारा मोटरसाइकिल पर फर्जी नंबर प्लेट लगाई गई है तथा वे नशा करने के उद्देश्य से शक्तिनगर ड्रेन की तरफ से शिला खेड़ा की ओर आने वाले हैं।

### तीन मामलों में 3 भगौड़े आरोपी काबू

**कैथल।** थाना शहर पुलिस व पीओ पकड़ो पकड़ो स्टाफ ने 2 मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना शहर एसएचओ इंस्पेक्टर गीता की अगुवाई में एएसआई राजीव व सुभाष की टीम द्वारा आरोपी तारावंती कॉलोनी सफीदों जिला जींद निवासी सुशील को सफीदों से काबू किया गया। आरोपी सुशील पर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 2 जनवरी 2019 को रात के समय नरवानियां बिल्डिंग कैथल के पास स्थित कई दुकानों के शटर तोड़कर नकदी व अन्य सामान चोरी का आरोप है। उक्त मामले में आरोपी गिरफ्तार किया गया था परंतु आरोपी न्यायालय से जमानत हासिल करने उपरांत न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ।

### कर्मचारियों की मांगों को लेकर यूनियन की बैठक

**जींद।** आल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन की जींद सर्कल कार्यकारिणी की मीटिंग हुई। इसकी अध्यक्षता सर्कल सचिव धर्मबीर भम्भेवा ने की। जबकि संचालन नरवाना यूनिट प्रधान विक्रम संधू ने किया। इस अवसर पर विशेष रूप से राज्य कमेटी सदस्य अनूप सिंह, कृष्ण खेड़ी भी पहुंचे। सर्कल सचिव धर्मबीर भंभेवा ने कहा कि हरियाणा सरकार कच्चे कर्मचारियों की प्रताडना कर रही है। जिसमें पिछले आठ साल से डीसी रेट के कर्मचारियों की सैलरी नहीं बढ़ाई गई है। यूनियन लगातार विरोध कर रही है। हाई कोर्ट के फैसले के अनुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के फैसले को लागू नहीं कर रही है।

### पबनावा में 12 को गर्ल्स ओपन वॉलीबॉल टूर्नामेंट

**ढांड।** पबनावा गांव में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 12 अप्रैल 2026, रविवार को तीसरा गर्ल्स ओपन वॉलीबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। यह प्रतियोगिता गुरु ब्रह्मानंद स्टेडियम, पबनावा में आयोजित होगी। आयोजक नरेश ऑस्ट्रिया पबनावा ने बताया कि यह टूर्नामेंट उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है, जिसे लगातार पांच वर्षों तक आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रतियोगिता में गर्ल्स ओपन वर्ग में प्रथम पुरस्कार 21,000 रुपये व द्वितीय पुरस्कार 11,000 रुपये रखा गया है। वहीं बॉयज अंडर-14 वर्ग में प्रथम पुरस्कार 2,100 रुपये तथा द्वितीय पुरस्कार 1,100 रुपये निर्धारित किया गया है।

### विधायक देवेंद्र होंगे सम्मान समारोह में मुख्यातिथि

**उचाना।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर 14 अप्रैल को पालवां (उचाना) में आयोजित होने वाले विशाल सम्मान समारोह की तैयारियाँ जोरों पर हैं। हरियाणा वाल्मीकि महासभा जिला जींद के पदाधिकारियों ने उचाना हल्का विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने के लिए निमंत्रण दिया। विधायक ने हरियाणा वाल्मीकि महासभा के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के प्रति अलख जगाना और मेधावी युवाओं को सम्मानित करना समाज को नई दिशा देने वाला कार्य है। शिक्षित युवा ही विकसित भारत की नींव हैं। इस पुनीत कार्य का हिस्सा जरूर बनूँगा।

# किसानों के लिए 24 घंटे जारी होंगे गेट पास

- डीसी ने किया नरवाना अनाज मंडी का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना


नरवाना। मंडी में आई गेहूं फसल की नमी जांचते हुए डीसी। फोटो : हरिभूमि

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बुधवार को नरवाना की अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मंडी में चल रही खरीद व्यवस्था, उठान कार्य और किसानों को मिल रही सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गेहूं खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संचालित की जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप किसानों का एक-एक दाना खरीदा जाएगा और भुगतान भी निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित किया जाएगा। डीसी ने मंडी में व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने के उद्देश्य से निर्देश दिए कि अब गेट पास 24 घंटे जारी किए जाएंगे। जिससे किसानों को अपनी फसल मंडी में लाने और उठान कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने निर्देश दिए कि मंडी में साफ.-सफाई, पेयजल, बारदाना और अन्य मूलभूत सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध करवाई जाएं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नरवाना के एसडीएम जगदीश चंद्र, मार्केट कमेटी की सचिव पूजा, मार्केट कमेटी प्रधान अमित ढाकल, आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान जयदेव बंसल, जोरा सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं किसान उपस्थित रहे।

# पाई की मंडी में बुधवार को भी नहीं हो सकी गेहूं की खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाई


पाई। बरसात से बचाने के लिए पाई की अनाज मंडी में ढकी गई गेहूं की ढेरियां।

पाई अनाज मंडी में गेहूं खरीद का इंतजार कर रहे किसानों के लिए बुधवार का दिन भी निराशाजनक रहा। लगातार 8 वें दिन भी खराब मौसम के चलते खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई, जिससे किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही है। मंडी में पिछले कई दिनों से किसान अपनी फसल डाल कर खरीद का इंतजार कर रहे हैं, परंतु कोई अधिकारी किसानों की सुध-बुध नहीं ले रहा। पाई मंडी अब तक 376 गेटपास कटे चुके हैं और 49000 से अधिक कट्टे आ चुके हैं। यही हाल करोड़ा अनाज मंडी का है। यहां पर भी 268 गेट पास कट चुके हैं और 37000 से अधिक कट्टे आ चुके हैं। इतना ही नहीं अभी तक मंडी में किसानों की फसल भरने के लिए खाली बारदाना भी नहीं आया। की दिनों से मंडी में किसानों को अपनी ढेरी के पास बैठ कर चौकीदारा करना पड़ रहा है।

# शिक्षा के क्षेत्र में प्रिंसिपल सविता का किया सम्मान


उचाना। प्रिंसिपल सविता सिंगला को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

शिक्षा के क्षेत्र में गीता विद्या मंदिर स्कूल प्रिंसिपल सविता सिंगला को 40 साल पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित करके सीनियर शिक्षकों एवं प्रबंधन कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया। सविता सिंगला ने बताया कि एचएसएस स्कूल जींद में 7 अप्रैल 1986 टीचर के तौर पर ज्वाइनिंग की। 21 जनवरी 2009 गीता विद्या मंदिर स्कूल उचाना मंडी में प्रिंसिपल के तौर पर ज्वाइनिंग की तब से अब तक वो प्रिंसिपल के तौर पर कार्यरत है। जब गीता विद्या मंदिर स्कूल में प्रिंसिपल के तौर पर ज्वाइगिन की तो 355 विद्यार्थी थे। आज 1200 से अधिक विद्यार्थी है। सभी विद्यार्थी इंग्लिश मीडियम के विद्यार्थी है। 2017 से 2019 तक बतौर प्रिंसिपल को सीएम द्वारा सम्मानित किया गया। हरियाणा टॉपर 2021 से 23 तक स्कूल तक रहा। 2024-2025 में 10वीं कक्षा में प्रदेश में दो विद्यार्थी दूसरे एवं एक विद्यार्थी तीसरे स्थान पर रहे। आरके के गोयल ने कहा कि स्कूल को शिक्षा के क्षेत्र में आगे लेकर जाने में विद्यार्थियों, स्कूल स्टॉफ की अहम भूमिका होती है। इस भूमिका में प्रिंसिपल की भूमिका सबसे अहम रहती है।

## सूरजमल ग्रोवर ने अपने पद से दिया इस्तीफा

**उचाना।** जेजेपी एससी सेल प्रदेश उप प्रधान सूरजमल ग्रोवर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी राष्ट्रीयध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को अपना इस्तीफा भेजा है। सूरजमल ग्रोवर का परिवार 1984 से चौ. देवीलाल परिवार के साथ जुड़ा है। पहले इनेलो में वो रहे बाद में जेजेपी पार्टी में वो रहे। निजी कारणों से इस्तीफा देने की बात इस्तीफा में लिखी है लेकिन सूत्रों से जानकारी मिली है कि जल्दी वो जेजेपी को अलविदा कह सकते है हालांकि अब तक पार्टी छोड़ने की कोई बात सूरजमल ग्रोवर ने नहीं की है। सूरजमल ग्रोवर ने कहा कि पार्टी एक परिवार होती है। पार्टी के लिए बिना किसी स्वार्थ के कार्य किया।

# किसान हमारे साथ हैं और हमारी सरकार किसानों के साथ : अत्री

- गेहूं की खरीद का जायजा लेने पहुंचे विधायक देवेंद्र चतरभुज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना


उचाना। गेहूं के नमी की जांच करते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री गेहूं की खरीद का जायजा लेने के लिए हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी पहुंचे। यहां पर उनके साथ एसडीएम रमित यादव, मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, मंडी प्रधान विकास पंघाल के अलावा खरीद एजेंसी के अधिकारी भी मौजूद रहे। यहां जो गेहूं की खरीद को लेकर नए नियम बनाए गए है उसको लेकर किसानों, आढ़तियों से बातचीत भी की। पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में अधिकारियों, आढ़तियों के साथ मीटिंग की। आढ़तियों द्वारा यहां पर खादय आपूर्ति विभाग की खरीद भी शुरू करवाने, ट्रांसपोर्टर नहीं आने सहित अन्य मांगे विधायक के समक्ष रखी। मंडी में जो गेहूं की ढेरी आई हुई थी उसमें खुद विधायक ने नमी नापने वाला मीटर लेकर गेहूं की नमी की जांच की।

## एनआईआईएलएम यूनिवर्सिटी में कलाकार क्रिकेट लीग का दूसरा दिन

# मस्त कलंदर का जलवा बरकरार दूसरे मैच में योद्धा बने विजेता

स्टेडियम में बरसात का पानी भर जाने से मैच देरी से शुरू हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। सलामी बल्लेबाज तरुण रघुवंशी की विकेट लेने के बाद खुशी मनाते यंग योद्धा टीम के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

शहर की एनआईआईएलएम यूनिवर्सिटी में आयोजित हरियाणवी कलाकारों की केसीएल (कलाकार क्रिकेट लीग) में दूसरे दिन भी मुकाबलों का रोमांच जारी रहा। हालांकि रात में हुई बारिश के कारण स्टेडियम में पानी भर गया, जिससे मैच देरी से शुरू हुए और आयोजकों को मुकाबलों को 20 ओवर की बजाय 15-15 ओवर का करना पड़ा। केसीएल के डायरेक्टर एवं हारट्रोन स्किल सेंटर के संचालक डॉ. बलविंद्र ढुल ने बताया कि रात में हुई बारिश के कारण मैदान में पानी भर गया था, लेकिन बुधवार को मौसम साफ होने और धूप निकलने से मैच संभव हो सके। उन्होंने बताया कि परिस्थितियों को देखते हुए मैचों को पांच-पांच ओवर कम करना पड़ा, लेकिन खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह कम नहीं हुआ। दूसरे दिन का पहला मुकाबला वीर वॉरियर्स और मस्त कलंदर के बीच खेला गया। वीर वॉरियर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मस्त कलंदर की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में सात विकेट खो कर 110 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।मस्त कलंदर ने यह मुकाबला 70 रन के बड़े अंतर से जीतकर अपनी जीत की लय बरकरार रखी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005


आपको बड़े दुःखी हृदय के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे प्रिय सुपुत्र
शुभम शर्मा
का दिनांक 30 मार्च 2026 दिन सोमवार
को आकस्मिक निधन हो गया है।
उनकी आत्मिक शांति के लिए
दिनांक 09 अप्रैल 2026 दिन वीरवार को
रस्म क्रिया
दोपहर 02:00 बजे से 03:00 बजे तक
स्थानः पंजाबी पैलेस
रोहेड़ा रोड, राजौंद (कैथल) में सम्पन्न होगी।
शोकाकुल परिवार
श्री दुर्गा दास शर्मा, पत्रकार (पिता)
श्री सुरेन्द्र मोहन शर्मा (ताया जी)
समस्त शर्मा परिवार
M.: 9416073641, 9896484693, 9896825235